अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

23 Jan., 2024

USEFUL FOR

IAS | PCS

& other civil services exams



Sunil Lawania

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**1. अयोध्या राम मंदिर के मुख्य वास्तुकार चंद्रकांत सोमपुरा**




- अयोध्या राम मंदिर के मुख्य वास्तुकार चंद्रकांत सोमपुरा हैं।
- चंद्रकांत एक ऐसे परिवार से आते हैं जो पहले से ही वर्षों से मंदिर निर्माण कार्य में लगा हुआ है।
- उनके द्वारा डिजाइन किए गए उल्लेखनीय मंदिरों में गुजरात में सोमनाथ मंदिर, मुंबई में स्वामीनारायण मंदिर, गुजरात में अक्षरधाम मंदिर परिसर और कोलकाता में बिड़ला मंदिर शामिल हैं।

**2. जैसलमेर का डेजर्ट फेस्टिवल 22-24 फरवरी को आयोजित किया जाएगा**




- जैसलमेर 22-24 फरवरी तक अपने वार्षिक डेजर्ट फेस्टिवल (महोत्सव) के लिए तैयार है, जिसमें स्थानीय कलाकार और "बैक टू द डेजर्ट" विषय शामिल है।
- महोत्सव के मुख्य आकर्षणों में लक्ष्मीनाथ मंदिर से जुलूस, एक शिल्प बाजार, पतंग शो, गर्म हवा के गुब्बारे की सवारी, जॉर्निंग बॉल, क्वाड बाइकिंग और अद्वितीय भोजन अनुभव शामिल हैं।

**3. केंद्र सरकार 'फ्री मूवमेंट' बंद करेगी**




- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम में म्यांमार से भागकर आ रहे आतंकियों और घुसपैठ को रोकने के लिए 'फ्री मूवमेंट' को बंद करने का ऐलान किया।
- इसके लिए भारत-म्यांमार बॉर्डर पर खुली सीमा की फेंसिंग की जाएगी।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुवाहाटी में हुई असम पुलिस की पासिंग आउट परेड में बताया कि म्यांमार के साथ हमारी खुली सीमा है, जिसे हम बांग्लादेश की तर्ज पर बाड़ (फेंसिंग) लगाकर सुरक्षित करेंगे।

**4. ICC टी-20 टीम ऑफ द ईयर 2023 में 4 भारतीयः सूर्यकुमार यादव कप्तान, अर्शदीप, जायसवाल और बिश्नोई भी शामिल**



- ICC ने सोमवार 22 जनवरी को टी-20 टीम ऑफ द ईयर 2023 घोषित की।
- भारत के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को टीम का कप्तान बनाया गया, जबकि रवि बिश्नोई, यशस्वी जयसवाल और अर्शदीप सिंह टीम में शामिल किए जाने वाले तीन अन्य भारतीय रहे।
- सूर्यकुमार यादव 2023 में फुल टाइम नेशन में टी-20के टॉप स्कोरर रहे। सूर्यकुमार ने 18 मैचों में 733 रन बनाए और दो शानदार शतक लगाए। यादव का आखिरी शतक साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेलते हुए आया जहां उन्होंने सिर्फ 56 गेंदों पर सेंचुरी लगाई।

**5. इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स ने 'हेविश्योर' नाम से देश का पहला स्वदेशी रूप से विकसित हेपेटाइटिस-ए वैक्सीन लॉन्च किया**



- इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स ने 'हेविश्योर' नाम से देश का पहला स्वदेशी रूप से विकसित हेपेटाइटिस-ए वैक्सीन लॉन्च किया है
- हेविश्योर' वैक्सीन हेपेटाइटिस-ए के खिलाफ महत्वपूर्ण वैक्सीन होगी
- हैविश्योर दो-खुराक वाला टीका है

- **हेपेटाइटिस ए के बारे में-**
- यह दूषित भोजन या पानी के सेवन से फैलता है
- हेपेटाइटिस-ए में लीवर में सूजन आ जाती है
- यकृत मनुष्य के शरीर की सबसे बड़ी ग्रंथि है

**6. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के बेंगलूरू में बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (BIETC) कैंपस का उद्घाटन किया**

- 
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु में बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (BIETC) कैंपस का उद्घाटन किया है/
- यह कैंपस 43 एकड़ में बनाया गया है
- बोइंग एक अमेरिकी विमान कंपनी है
- हवाई जहाज, जेट और हेलीकॉप्टरों का डिजाइन, निर्माण और वितरण करती है
- स्थापना 15 जुलाई 1916 को 'विलियम बोइंग' द्वारा की गई थी

**7. WHO ने केप वर्दे को मलेरिया मुक्त देश घोषित किया**

- 
- WHO ने केप वर्दे को मलेरिया मुक्त देश घोषित किया है
- केप वर्ड वर्तमान में मॉरीशस तथा अल्जीरिया के बाद मलेरिया मुक्त होने वाला तीसरा देश बन गया है
- मालदीव (2015) तथा श्रीलंका (2016) को WHO द्वारा मलेरिया मुक्त घोषित किया गयाहै
- **केप वर्दे-**
- राजधानी – प्राये
- एक द्वीप देश है; मुद्रा - केप वर्दियाई एस्कुदो
- अफ्रीका के पश्चिमी तट से दूर द्वीपसमूह के रूप मे फैला है

**8. मान सिंह ने 'एशियाई मैराथन चैम्पियनशिप' जीती**

-  
- भारतीय धावक मान सिंह ने हांगकांग में एशियाई मैराथन चैंपियनशिप 2024 में 2:14:19 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ स्वर्ण पदक जीता।
- वह एशियाई मैराथन खिताब जीतने वाले केवल दूसरे भारतीय बन गये।
- सिंह ने चीन के उपविजेता हुआंग योंगझेंग को आसानी से 65 सेकंड से पीछे छोड़ दिया
- मुंबई मैराथन 2023 में उनका पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2:16:58 था।
- गोपी थोनाकल 2017 में एशियाई मैराथन चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष थे।
- उन्होंने चीन के डोंगगुआन में 2:15:48 का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता था।

**9. डिक्टेटर ने हैदराबाद रेस में 'डार्ली अरेबियन मिलियन' जीता**

- 
- पी. साई कुमार द्वारा संचालित ट्रेनर के.एस.वी. प्रसाद राजू की डिक्टेटर ने हैदराबाद में डेक्कन बुकमेकर्स वेलफेयर एसोसिएशन डार्ली अरेबियन मिलियन में जीत हासिल की।
- विजयी घोड़े का स्वामित्व श्री डी. आर. ठाकर के साथ मंजरी हॉर्स ब्रीडर्स फार्म प्राइवेट लिमिटेड का प्रतिनिधित्व करने वाले मिस्टर एंड मिसेज शापूर पी. मिस्त्री के पास है।
- प्रतिस्पर्धी रेसिंग सर्किट में डिक्टेटर की जीत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

**10. हरियाणा में भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया**




- भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (IISF) 2023 का आयोजन 17 से 20 जनवरी, 2024 तक हरियाणा में किया गया।
- इसका समापन राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की उपस्थिति में हुआ।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद में 50 एकड़ में फैली एक अत्याधुनिक साइंस सिटी विकसित करने की राज्य सरकार की योजना की भी घोषणा की।

# CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. अयोध्या राम मंदिर निर्माण के मुख्य वास्तुकार कौन हैं?**
(a) राम सुतार
(b) चंद्रकांत सोमपुरा
(c) अरुण योगीराज
(d) जगन मोहन

**2. डेजर्ट फेस्टिवल 22-24 Feb को कहां पर आयोजित किया जाएगा?**
(a) जैसलमेर
(b) बीकानेर
(c) जोधपुर
(d) आमेर

**3. फ्री मूवमेंट किसके द्वारा बंद करने की घोषणा की गई है?**
(a) केंद्र सरकार
(b) अमित शाह
(c) योगी आदित्यनाथ
(d) द्रौपदी मुर्मु

**4. आईसीसी T20 team of the year 2023 में कितने भारतीयों को शामिल किया गया है?**
(a) 3
(b) 4
(c) 2
(d) 5

**5. इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स ने 'हेविश्योर' नमक वैक्सीन किस बीमारी के लिए लॉन्च की है?**
(a) मलेरिया
(b) हेपेटाइटिस-A
(c) कॉविड-19
(d) ट्यूबरक्लोसिस

**6. पीएम मोदी ने बोइंग कैंपस का उद्घाटन किस राज्य में किया है?**
(a) आंध्र प्रदेश
(b) तेलंगाना
(c) कर्नाटक
(d) महाराष्ट्र

**7. WHO के द्वारा किस देश को मलेरिया मुक्त देश घोषित किया गया है?**
(a) भूटान
(b) जापान
(c) नेपाल
(d) केप वर्दे

**8. मान सिंह ने 'एशियाई मैराथन चैम्पियनशिप' जीती, एशियाई मैराथन चैम्पियनशिप 2024 कहाँ आयोजित हुई?**
(a) मुंबई
(b) बीजिंग
(c) हांगकांग
(d) टोक्यो

**9. हैदराबाद रेस में डेक्कन बुकमेकर्स वेलफेयर एसोसिएशन डार्ली अरेबियन मिलियन में किस घोड़े ने जीत हासिल की?**
(a) डिक्टेटर
(b) ग्लैडीएटर
(c) पेगासस
(d) मेवरिक

**10. भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन किस राज्य में किया गया?**
(a) उत्तर प्रदेश
(b) मध्य प्रदेश
(c) राजस्थान
(d) हरियाणा

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (b) | (a) | (a) | (b) | (b) | (c) | (d) | (c) | (a) | (d) |